# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30.8.26 | 4 | 1-3 |

# हकृवि में क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित

## 5 जिलों के कृषि अधिकारियों व वैज्ञानिकों ने लिया भाग

## रबी व खरीफ फसलों की समस्याओं और समाधान पर वैज्ञानिकों व कृषि अधिकारियों ने किया मंथन



*बैठक में उपस्थित अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व अन्य अधिकारी*

हिसार, 29 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के हिसार जोन की क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार एडवाइजरी कमेटी की बैठक सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने की।

डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि बैठक का उद्देश्य किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं को कृषि अधिकारियों के माध्यम से वैज्ञानिकों के समक्ष रखना तथा उनका समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक में रबी की फसल गेहूं, चना, सरसों, जौ, जई, बरसीम सहित खरीफ की कपास, धान, बाजरा एवं मूंग की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने धान में बौना रोग की स्थिति नियंत्रण में रहने पर संतोष व्यक्त करते हुए डॉ. राकेश चुघ के नेतृत्व में पौध रोग विभाग द्वारा की गई निरंतर निगरानी की सराहना की।

गेहूं विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं फार्म निदेशक डॉ. ओ.पी. बिश्नोई ने डब्ल्यू.एच. 1270, डी.बी.डब्ल्यू. 303, डी.बी.डब्ल्यू. 327 एवं पी.बी.डब्ल्यू. 872 जैसी अगेती तथा डब्ल्यू.एच. 1142 एवं डब्ल्यू.एच. 1402 जैसी कम पानी वाली गेहूं किस्मों की जानकारी दी। डॉ. राम अवतार ने सरसों की बिजाई, सिंचाई एवं रोग-कीट प्रबंधन संबंधी सुझाव दिए।

छात्र कल्याण निदेशक एवं मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि हरियाणा के लगभग 16-17 जिलों में वर्षा सामान्य से कम रही है तथा 2 सितंबर तक वर्षा की संभावना नहीं है। कृषि अधिकारियों ने बताया कि इसके बावजूद खरीफ फसलों की स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। इस वर्ष धान में विषाणु जनित बौना रोग तथा कपास में गुलाबी सुंडी का प्रकोप कम रहा, जबकि धान में पत्ता लपेट सुंडी तथा कपास में सफेद मक्खी, तेले का प्रकोप कुछ क्षेत्रों में देखा गया।

उपरोक्त संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने भिवानी, हिसार, जींद, फतेहाबाद एवं सिरसा जिलों से आए कृषि अधिकारियों तथा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. भूपेंद्र सिंह ने पिछले वर्ष के किसान खेत परीक्षणों के परिणाम प्रस्तुत किए तथा आगामी वर्ष के परीक्षण सुनिश्चित किए। बैठक में विश्वविद्यालय के मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्य एवं परियोजना निदेशक डॉ. एस.के. धनखड़ सहित अन्य वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 1-9-26 | 12 | 3-4 |

# एचएयू और पीएनबी फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर के बीच समझौता, किसानों को मिलेगा लाभ

■ किसानों को मिलेगा आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण



हिसार। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान कुलसचिव डॉ. पवन कुमार एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और उनके कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) और पंजाब नेशनल बैंक फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सच्चा खेड़ा (जींद) के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है। इसका उद्देश्य किसानों की क्षमता निर्माण के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों में सहयोग को मजबूत करना है। विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के निर्देशानुसार विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने विवि की ओर से तथा पीएनबी फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सच्चा खेड़ा के निदेशक हितेश कालरा ने सेंटर की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए। विवि के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी पहुंचाने के लिए संस्थागत सहयोग को मजबूत किया जा रहा है। ऐसे समझौते किसानों की क्षमता बढ़ाने के साथ कृषि क्षेत्र के विकास को नई गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे। समझौते के तहत किसानों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ तकनीकी जानकारी के आदान-प्रदान पर भी जोर दिया जाएगा। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच पहले से चल रहे सहयोग से किसानों तक कृषि तकनीकों और शोध की जानकारी पहुंचाने में मदद मिली है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 1-9-26 | 2 | 6 |


## किसानों के कौशल उन्नयन व प्रशिक्षण के लिए समझौता

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र, सच्चाखेड़ा जींद के बीच किसानों के कौशल उन्नयन व प्रशिक्षण के लिए समझौता हुआ है। विश्वविद्यालय की ओर से विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश और पीएनबी एफटीसी की ओर से निदेशक हितेश ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

डॉ. नरेश ने बताया कि समझौते का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना है। इसके तहत कृषि विकास को गति देने के लिए दोनों संस्थानों के बीच संस्थागत सहयोग मजबूत किया जाएगा। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि यह साझेदारी किसानों के कौशल विकास के साथ कृषि क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देगी। किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों और शोध कार्यों की जानकारी पहुंचाने के लिए निरंतर सहयोग करेंगे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 01.09.2026 | ----- | ---- |

## हकृवि और पीएनबी फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर के बीच हुआ समझौता



-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 1 सितम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और पंजाब नेशनल बैंक फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सच्चा खेड़ा, जींद के बीच किसानों के कौशल उन्नयन एवं प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की ओर से विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक तथा पंजाब नेशनल बैंक फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सच्चा खेड़ा की तरफ से निदेशक श्री हितेश कालरा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए संस्थागत सहयोग को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। इस दिशा में संस्थानों के साथ साझेदारी किसानों की क्षमता निर्माण और कृषि विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके तहत किसानों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कृषि क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का प्रावधान है। डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि दोनों संस्थानों ने समझौते के तहत अब तक हुई उपलब्धियों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शोध कार्यों को पहुंचाने के लिए निरंतर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है। पीएनबी फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर किसानों, ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सेंटर द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक, फसल उत्पादन एवं विविधीकरण, जैविक खेती, मृदा एवं जल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, कृषि यंत्रों के उपयोग, पशुपालन, डेयरी, भेड़-बकरी पालन, मधुमक्खी पालन सहित कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, उद्यमिता एवं स्वरोजगार से जुड़े रोजगारपरक प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. विरेन्द्र मोर, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. अनुराग व डॉ. सुबे सिंह उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 31.08.2026 | ----- | ---- |

## हकृवि और पीएनबी फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर के बीच हुआ समझौता



समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और पंजाब नेशनल बैंक फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सफ्फा खेड़ा, जींद के बीच किसानों के कौशल उन्नयन एवं प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की ओर से विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक तथा पंजाब नेशनल बैंक फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, सफ्फा खेड़ा की तरफ से निदेशक श्री हितेश कालरा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए संस्थागत सहयोग को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। इस दिशा में संस्थानों के साथ साझेदारी किसानों की क्षमता निर्माण और कृषि विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके तहत किसानों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कृषि क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का प्रावधान है। डॉ. नरेश कौशिक ने बताया कि दोनों संस्थानों ने समझौते के तहत अब तक हुई उपलब्धियों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शोध कार्यों को पहुंचाने के लिए निरंतर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है। पीएनबी फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर किसानों, ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सेंटर द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक, फसल उत्पादन एवं विविधीकरण, जैविक खेती, मृदा एवं जल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, कृषि यंत्रों के उपयोग, पशुपालन, डेयरी, भेड़-बकरी पालन, मधुमक्खी पालन सहित कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, उद्यमिता एवं स्वरोजगार से जुड़े रोजगारपरक प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. विरेन्द्र मोर, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. अनुराग व डॉ. सुबे सिंह उपस्थित रहे।